आवश्यक सूचना
पूर्व-मध्य रेल

टि0 सं0 : ECR-SEEOPERS (CONF)/21/2023, दिनांक 28.04.2023

सर्व संबंधित,

विषयः इंजीनियरिंग विभाग में 25 % विभागीय पदोन्नति कोटा के अन्तर्गत जूनियर इंजीनियर (कार्य) लेवल– 06 की पदों की रिक्तियों को चयन द्वारा भरे जाने हेतु आयोजत लिखित परीक्षा दिनांक 28.04.2023 के औपबंधिक मॉडल उत्तर पर आपत्ति के संबंध में।

----

25 % विभागीय पदोन्नति कोटा के अन्तर्गत जूनियर इंजीनियर (कार्य), लेवल–06 पद की रिक्तियों को चयन द्वारा भरे जाने हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 28.04.2023 को आयोजित की गई थी। उक्त लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं उनके औपबंधिक उत्तर दिनांक 28.04.2023 अपराहन् से सोनपुर रेल मंडल के रेल नेट वेवसाइट पर प्रदर्शित है।

उक्त लिखित परीक्षा में सम्मिलित (appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन उम्मीदवारों को उक्त लिखित परीक्षा के किसी भी प्रश्न के औपबंधिक उत्तर पर किसी भी तरह की आपत्ति हो, तो वे इस सम्बन्ध में प्रामाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति/सुझाव नीचे दिये गए आपत्ति प्रपत्र प्रारुप में अपना रौल नं0, नाम, पदनाम, वर्तमान कार्यस्थल, पिता का नाम एवं लिखित परीक्षा की तिथि के साथ अपने नियंत्रक अधिकारी से आपत्ति प्रपत्र अग्रसारित कराकर एकल खिड़की व्यवस्था/गोपनीय अनुभाग(का0) को दिनांक 05.05.2023 की संध्या 06.00 बजे तक प्राप्त कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं किया जाएगा। आप सभी के नियत समय तक प्राप्त आपत्ति की गहन समक्षोपरान्त पुनः सभी प्रश्नों का अन्तिम आदर्श उत्तर तैयार किया जाएगा जिसके आधार पर ओ.एम.आर उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का मूल्यांकन किया जाएगा।

(चन्द्र किशोर)
सकाधि–I/सोनपुर

मुकार्याधी/कार्याधी/आई.टी. सेल– कृपया प्रश्न पत्र, औपबंधिक मॉडल उत्तर एवं आवश्यक सूचना सोनपुर रेल मंडल के रेल नेट वेवसाइट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

सकाधि–I/सोनपुर

अभ्यर्थी हेतु आपत्ति प्रपत्र का प्रारुप

25 % विभागीय पदोन्नति कोटा के अन्तर्गत जूनियर इंजीनियर (कार्य), लेवल–06 पद की रिक्तियों को चयन द्वारा भरे जाने हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 28.04.2023

रौल नं0————, नाम——————————,पदनाम एवं कार्यस्थल————— पिता का नाम———————————, लिखित परीक्षा की तिथि————————————

क्रम सं0	प्रश्न सं0	उम्मीदवार द्वारा सुझाया गया उत्तर	आपत्ति का प्रामाणिक आधार/ स्त्रोत/साक्ष्य

उम्मीदवार का नाम एवं हस्ताक्षर (तिथि सहित)

(अग्रसारित)
नियंत्रक अधिकारी

Scanned with CamScanner